**सं. एफआर/एचबीएस/2025-26** **ईमेल:**

**bondsteam@hudco.org.in**

**दिनांक- 23/06/2025**

**सुश्री प्रमिला डि'सूजा**
**नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई)**
**एक्सचेंज प्लाज़ा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स**
**बांद्रा पूर्व**
**मुंबई-400051**

**विषय:- सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियमन 2015 के विनियमन 60(2) के अंतर्गत 31 जुलाई 2025 को देय 7.19% पी.ए. कर-मुक्त 2015 बॉन्ड श्रृंखला ए के संबंध में रिकॉर्ड तिथि और मोचन सह ब्याज भुगतान तिथि की सूचना।**

माननीय महोदया,

इन बॉन्ड की शर्तों के अनुसार, यदि बॉन्ड की मोचन तिथि (जोकि अंतिम कूपन भुगतान तिथि भी है) किसी ऐसे दिन पड़ती है जोकि कारोबारी दिवस नहीं है, तो मोचन आय का भुगतान जारीकर्ता द्वारा तत्काल पूर्ववर्ती कारोबारी दिवस पर बॉन्ड पर अर्जित ब्याज सहित किया जाएगा, लेकिन ऐसे भुगतान की तिथि को छोड़कर। इसके अलावा, शर्तों के अनुसार सभी ब्याज भुगतान तिथि/मोचन भुगतान तिथि के लिए रिकॉर्ड तिथि प्रत्येक कूपन भुगतान तिथि/मोचन भुगतान तिथि से 15(पंद्रह) दिन पहले होगी। यदि रिकॉर्ड तिथि उस दिन पड़ती है जब व्यावसायिक दिन न हो, तो तुरंत आने वाले व्यावसायिक दिन को रिकॉर्ड तिथि माना जाएगा।

तदनुसार, रिकॉर्ड तिथि और मोचन सह ब्याज भुगतान तिथि का विवरण निम्नानुसार है:-

| **आईएसआईएन सं.** | **श्रृंखला** | **रिकॉर्ड तिथि** | **ब्याज भुगतान और मोचन तिथि** |
|---|---|---|---|
| INE031A07AI7 | 7.19% पी.ए. कर-मुक्त 2015 **बॉन्ड** श्रृंखला A | 16.07.2025 | 31.07.2025 |

**यह भी अनुरोध किया जाता है कि ISIN नंबर INE031A07AI7 को रिकॉर्ड तिथि के अगले दिन (अर्थात 17.07.2025 से) से व्यापर के लिए निलंबित कर दिया जाए।**

सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) के तीसरे संशोधन विनियम, 2024 के अनुसार,12/12/2024 से प्रभावी, सूचीबद्ध संस्थाओं को स्टॉक एक्सचेंजों को रिकॉर्ड तिथि 3

कार्य दिवस पहले प्रकट करना आवश्यक है। तदनुसार, आवश्यक जानकारी विचार के लिए अग्रेषित की जाती है, जिसे सेबी लिस्टिंग विनियमन 2015 के अनुपालन में अग्रिम सूचना के रूप में माना जा सकता है।

धन्यवाद,

भवदीय,

शैलू भारद्वाज
महाप्रबंधक (वित्त)

**प्रतिलिपि:**

**एसबीआईकैप ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड,**
**मिस्त्री भवन, चौथी मंजिल,**
**122 दिनशॉ वच्छा रोड,**
**चर्च गेट, मुंबई-400020**